दिनांक 2 फरवरी 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

शहर के पॉश इलाके में रेस्टोरेंट की आड़ में संचालित हो रहा था हुक्का बार , निगम ने देर रात दबिश देकर किया सील

-फेट क्लब में देर रात के शोर-शराबे से परेशान थे रहवासी

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत शहर के पॉश कॉलोनी में रेस्टोरेंट की आड़ में हुक्का बार संचालित किया जा रहा था जिसे देर रात निगम ने सील करने की कार्रवाई की! नागरिकों एवं आसपास क्षेत्र के रहवासियों ने शिकायत की थी कि नेहरू नगर के विनायक मेडिकल स्टोर के समीप फेट क्लब रेस्टोरेंट्स संचालित किया जा रहा है जिसकी आड़ में संचालक द्वारा हुक्का बार चलाया जा रहा है! जिसमें कम उम्र के नाबालिग को भी प्रवेश दिए जाने की बात सामने आई थी , साथ ही रेस्टोरेंट व्यवसाय के माध्यम से संचालित हुक्का बार में नशीले पदार्थ के विक्रय की भी शिकायतें प्राप्त हुई थी! रहवासियों के मुताबिक फेट क्लब में देर रात तक शोर-शराबे की आवाज आती रहती थी, जिससे मोहल्ले वासी भी परेशान थे! इन्हीं सब कारणों को गंभीरता से लेते हुए हुक्का बार के व्यवसाय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के निर्देश आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने अधिकारियों को दिए थे! जिस पर सोमवार की रात तकरीबन 8:00 बजे निगम के जोन क्रमांक 1 की टीम ने जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि के नेतृत्व में हुक्का बार में छापामार कार्रवाई की! निगम की टीम एवं सुपेला पुलिस बल ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की और फेट क्लब को सील कर दिया! योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई के लिए निगम की टीम को एक जगह पर एकत्रित होने का निर्देश मिला परंतु किसी को भी यह जानकारी नहीं थी कि कार्यवाही कहां होनी है, इसे इसलिए गुप्त रखा गया था कि कार्यवाही प्रभावित न हो! जब निगम की टीम एक जगह पर एकत्र हुई तब सभी को कार्यवाही स्थल के लिए रवाना होने कहा गया! नेहरू नगर पूर्व इलाके में विनायक मेडिकल स्टोर एवं महालक्ष्मी स्वीट्स के सामने पहुंचते ही फेट क्लब रेस्टोरेंट के भीतर प्रवेश किया गया! भूतल से लेकर उपरी मंजिल की ओर बढ़ने पर अंतिम मंजिल पर पहुंचते ही वहां का नजारा देख अधिकारी हतप्रभ रह गए! एक बड़े से हॉल में 5 युवतियां एवं छह युवक हुक्का का सेवन कर रहे थे ,

जनसंपर्क अधिकारी